Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 07 जून, 2022

राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान

गृह मंत्री अमित शाह **7 जून, 2022 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (NTRI)** का उद्घाटन करेंगे। NTRI राष्ट्रीय स्तर का एक प्रमुख संस्थान होगा और शैक्षणिक, कार्यकारी तथा विधायी क्षेत्रों में जनजातीय चिंताओं, मुद्दों एवं मामलों का मुख्य केंद्र बनेगा। यह प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों, संगठनों के साथ-साथ शैक्षणिक निकायों और संसाधन केंद्रों के साथ सहयोग एवं नेटवर्क स्थापित करेगा। यह जनजातीय अनुसंधान संस्थानों (TRI), उत्कृष्टता केंद्रों (COE), NFS की शोध परियोजनाओं की निगरानी करेगा तथा अनुसंधान और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिये मानदंड स्थापित करेगा। इसकी अन्य गतिविधियों में जनजातीय मामलों के मंत्रालय के साथ-साथ राज्य कल्याण विभागों को नीतिगत सहयोग प्रदान करना, जनजातीय जीवन-शैली के सामाजिक-आर्थिक पहलुओं में सुधार या मदद हेतु अध्ययन और कार्यक्रमों को तैयार करना, PMAAGY के डेटाबेस का निर्माण व रख-रखाव, जनजातीय संग्रहालयों की स्थापना तथा संचालन और भारत की समृद्ध जनजातीय सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिये दिशा-निर्देश प्रदान करना शामिल है। साथ ही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनजातीय मामलों के मंत्रालय की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी जिसमें **देश भर के 100 से अधिक आदिवासी कारीगर अपने उत्पादों और नृत्य कलाकार कला का प्रदर्शन करेंगे।**

विज़िटर्स कॉन्फ्रेंस, 2022

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद **7 जून** को **नई दिल्ली** में **राष्ट्रपति भवन** में **विज़िटर्स कॉन्फ्रेंस, 2022** की **मेज़बानी** करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रपति **अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास** की विभिन्न श्रेणियों में **विज़िटर अवार्ड्स, 2020** प्रदान करेंगे। दो दिवसीय इस सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श होगा और प्रस्तुतियाँ दी जायेंगी। विचार-विमर्श में **उच्च शिक्षण संस्थानों** की **अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग, शिक्षा-उद्योग और नीति निर्माताओं तथा शिक्षा एवं अनुसंधान के बीच समन्वय** जैसे विषय शामिल होंगे। राष्ट्रपति **161 केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों के विज़िटर** हैं। इन संस्थानों के प्रमुखों के अलावा **शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री** भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। **8 जून, 2022** को सम्मेलन में **अकादमिक-उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग; एकीकृत स्कूल, उच्च व व्यावसायिक शिक्षा;** उभरती एवं विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में शिक्षा एवं अनुसंधान जैसे विषय प्रमुख रूप से चर्चा के केंद्र बिंदु होंगे।

मणिपुर हथकरघा और हस्तशिल्प विकास निगम

ई-कॉमर्स अमेज़न और मणिपुर सरकार ने 6 जून, 2022 को राज्य के हथकरघा और हस्तशिल्प के प्रदर्शन और बिक्री के लिये एक **ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पंथोइबी एम्पोरियम का उद्घाटन** किया, साथ ही इस ऑनलाइन स्टोर के लिये एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये गए। इस पहल से राज्य के लगभग 300,000 कारीगरों, बुनकरों और आदिवासी समुदायों के सदस्यों को लाभ होगा। हथकरघा एवं वस्त्र निदेशालय के संरक्षण में संचालित **पंथोइबी एम्पोरियम मणिपुर हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (MHHDCL)** का एक हिस्सा है, जो स्थानीय कारीगरों के विकास के लिये एक सरकारी उद्यम है। मणिपुर के अद्वितीय और दस्तकारी उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला अब देश भर के ग्राहकों के लिये उपलब्ध है। **Amazon.in** पर पंथोइबी एम्पोरियम में हाथ से बुने कपड़े, दस्तकारी टोपी और बैग, टेराकोटा उत्पाद एवं साथ ही कौना शिल्प शामिल हैं- मणिपुर की एक अद्वितीय हस्तकला जिसमें टोकरी, पर्स, बैग आदि बनाने के लिये **कौना लकड़ी** का उपयोग किया जाता है। मणिपुरी रानी फी, रेशम से बनी हाथ से बुनी हुई शॉल भी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के विशिष्ट खाद्य पदार्थ, जिनमें काले चावल, चाय, **जीआई टैग वाली मिर्च**, नींबू और संतरे शामिल हैं, भी बिक्री के लिये उपलब्ध होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-07-june-2022